आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.03.2026
समय 18.30

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश सरकार ने भराड़ीसैंण में बजट सत्र के दौरान आज सदन में "देवभूमि परिवार विधेयक—2026" पेश किया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में समान नागरिक संहिता लागू करने पर दिया जोर।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को मिले 168 बॉण्डधारी चिकित्सक, राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में दी गई तैनाती।

देवभूमि परिवार विधेयक पेश

प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से आज सदन के पटल पर "देवभूमि परिवार विधेयक—2026" पेश किया। इस विधेयक के कानून बनने पर प्रदेश में एकीकृत और सत्यापित परिवार—आधारित डेटाबेस "देवभूमि परिवार" की स्थापना हो सकेगी।

विधेयक का उद्देश्य विभिन्न विभागों में बिखरे लाभार्थी डेटा को एक मंच पर लाकर योजनाओं के संचालन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समन्वित बनाना है। देवभूमि परिवार आईडी में मुखिया के रूप में परिवार की 18 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठतम महिला सदस्य का नाम दर्ज होगा।

वर्तमान में राज्य के अलग—अलग विभाग अपनी—अपनी योजनाओं के लिए अलग—अलग लाभार्थी डेटाबेस का उपयोग करते हैं। इसके कारण कई बार लाभार्थी आंकड़ों का दोहराव, पुनः सत्यापन की जटिल प्रक्रियाएं और विभागों के बीच समन्वय की कमी जैसी समस्याएं सामने आती हैं। इससे न केवल प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त भार पड़ता है, बल्कि योजनाओं के आकलन और प्रभावी क्रियान्वयन में भी बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

विधानसभा सत्र

चमोली जिले के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में आज बजट सत्र की कार्यवाही हंगामेदार रही। सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार से सवाल—जवाब किए।

प्रश्नकाल के दौरान डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने प्रस्तावित नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर सरकार से सवाल किया। इसके जवाब में धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि हिमालयी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध श्री नंदा देवी राजजात यात्रा का आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष में होता है।

श्री महाराज ने सदन को बताया कि यात्रा के लिए वर्तमान में 48 कार्यों के लिए कुल 109 करोड़ 65 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

इसके अलावा श्री महाराज ने सड़क, पर्यटन और संबंधित विभागों से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए।

## जल जीवन मिशन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन को बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर सेवा वितरण के स्तर तक पुनर्गठित किया जाना है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के पुनर्गठन के लिए मंत्रिमंडल ने इसके कुल परिव्यय को बढाकर 8 लाख 69 हजार करोड रुपये कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन पर मंत्रिमंडल के निर्णय पर कहा कि देशभर के ग्रामीण घरों के लिए टिकाऊ और विश्वसनीय नल के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## नकली दवाइयों के खिलाफ अभियान

उत्तराखंड में कोडीन युक्त सिरप और नकली दवाइयों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने प्रदेशभर में व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। गढ़वाल और कुमाऊं दोनों मंडलों में यह अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है और कई स्थानों पर संदिग्ध दवाइयों की खेप भी पकड़ी गई है। विभाग ने कार्रवाई को प्रभावी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रणनीति अपनाई है। अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि अवैध दवा कारोबार पर नियंत्रण के लिए विशेष निरीक्षण दल सक्रिय किए गए हैं और क्रॉस–डिस्ट्रिक्ट जांच व्यवस्था लागू की गई है।

## समान नागरिक संहिता

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करने का समय आ गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने की याचिका को एक अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका को ही विचार करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करने से एक कानूनी शून्य उत्पन्न हो जाएगा, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है।

## आदि कैलाश यात्रा तैयारियां

पिथौरागढ़ में इस वर्ष की प्रस्तावित आदि कैलाश यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि इस वर्ष आदि कैलाश यात्रा अप्रैल के अंतिम सप्ताह या मई के पहले सप्ताह से शुरू किए जाने की संभावना है। यात्रा को सुचारु और सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता होगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## प्लास्टिक तकनीक हस्तांतरित

उधमसिंहनगर जिले में स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित जीवाणुरोधी प्लास्टिक तकनीक को 10 लाख में हस्तांतरित किया गया है। यह तकनीक फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और सर्जिकल सिरिंज में प्रयुक्त होने वाले प्लास्टिक उपकरणों को बार–बार स्टरलाइजेशन से छुटकारा दिलाएगी। यह ऐसा प्लास्टिक होगा जिससे बने उपकरण या सामग्री हवा और पानी के संपर्क में आने पर भी संक्रमित नहीं होंगे। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. रीता गोयल ने 11 वर्षो के अथक परिश्रम के उपरांत जीवाणुरोधी प्लास्टिक विकसित करने में सफलता हासिल की थी। डॉ. जैदी ने बताया की इस एन्टी बैक्टीरियल प्लास्टिक का उपयोग लैब में होगा जहां वाइरस बैक्टीरिया और फंगस का कल्चर होता है, वहां पर यह बैक्टीरिया को मार देगा।

## योगा फेस्टिवल

ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन गंगा तट पर 38वें अंतरराष्ट्रीय योगा फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 9 मार्च से शुरू हुआ यह फेस्टिवल 15 मार्च तक चलेगा। इसमें विश्व भर से आए 80 से अधिक देशों के लगभग 1500 योग साधक योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि यह महोत्सव मानवता को एक सूत्र में जोड़ने वाला वैश्विक आध्यात्मिक संगम है।

## मौसम

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है। विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के 3800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री जैसे उच्च हिमालयी इलाकों में मौसम खराब रह सकता है। वहीं देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर सहित मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

## चिकित्सकों की नियुक्ति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को राजकीय मेडिकल कालेज श्रीनगर गढ़वाल से पास आउट 168 बॉण्डधारी एमबीबीएस चिकित्सक मिल गए हैं। इन चिकित्सकों को राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों व चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थित चिकित्सा इकाइयों में तैनाती दी गई है। एमबीबीएस चिकित्सकों की नियुक्ति अनुबंध की शर्तों के अधीन की गई है। यदि कोई चिकित्सक पद त्याग या गैरहाजिर रहता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार काम कर रही है। बांड व्यवस्था के तहत पौड़ी व टिहरी जनपद में 21–21 चिकित्सकों को तैनाती दी गई है। इसी प्रकार चमोली व उत्तरकाशी में 20–20, रुद्रप्रयाग में 15, पिथौरागढ़ में 23, अल्मोड़ा में 24 तथा चंपावत व बागेश्वर में जिलों में 12–12 चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं।

## यात्रा व्यवस्था निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने गंगोत्री धाम पहुंचकर अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग, स्नान घाटों और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।